वर्ष- 3 , अंक- 115
छपरा
25 मार्च बुधवार
2026
पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live



## सुप्रीम कोर्ट बोला:महिला अफसर सेना में स्थायी कमीशन की हकदार

### इससे इनकार करना भेदभाव था; जिनकी सर्विस खत्म हुई, उन्हें भी पेंशन मिलेगी

**नई दिल्ली,एजेंसी।** आर्मी, नेवी और एयर फोर्स की महिला शॉर्ट सर्विस कमीशन (SSC) अफसर, जिन्हें परमानेंट कमीशन नहीं मिला अब उन्हें पूरी पेंशन मिलेगी। सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला मंगलवार को सुनाया। कोर्ट ने कहा कि महिला अफसरों को स्थायी कमीशन न देना उनकी योग्यता की कमी नहीं, बल्कि व्यवस्था में मौजूद भेदभाव का नतीजा था।

जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस उज्जवल भुईयां और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की बेंच ने कहा- अब यह माना जाएगा कि इन महिला अफसरों ने पेंशन के लिए जरूरी 20 साल की सर्विस पूरी कर ली है, भले ही उन्हें पहले ही सेवा से हटा दिया गया हो।

दरअसल, कोर्ट का यह फैसला सुचेता एडन समेत अन्य महिला अफसरों की याचिकाओं पर आया, जिनमें केंद्र की परमानेंट कमीशन से जुड़ी 2019 की पॉलिसी और आर्म्ड फोर्सेस ट्रिब्यूनल के फैसलों को चुनौती दी गई थी।



#### सुप्रीम कोर्ट ने 3 राहत दीं...

- जिन SSC अफसरों को 2020-21 में नंबर 5 सेलेक्शन बोर्ड या AFT (ट्रिब्यूनल) के फैसले के आधार पर पहले ही स्थायी कमीशन (PC) मिल चुका है, उनका स्टेटस नहीं बदला जाएगा।
- जो महिला SSC अफसर (अपीलकर्ता) इस केस के दौरान सेवा से बाहर हो गईं, उन्हें मान लिया जाएगा कि उन्होंने 20 साल की जरूरी सेवा पूरी कर ली है। उन्हें पेंशन और उससे जुड़े सभी लाभ मिलेंगे, लेकिन पिछला वेतन (एरियर) नहीं मिलेगा।
- वर्तमान में जो महिला अफसर सेवा में हैं, उन्हें 60% कटऑफ पूरा करने पर परमानेंट कमीशन मिलेगा। बशर्ते उन्हें जरूरी मंजूरी मिली हो।

यह आदेश उन महिला अधिकारियों पर लागू नहीं होगा जो JAG (जज एडवोकेट जनरल) और AEC (एजुकेशन कॉर्प्स) में हैं, क्योंकि उन्हें 2010 से ही स्थायी कमीशन के लिए विचार का मौका मिलता रहा है।

सीजेआई नेआर्मी, नेवी और एयर फोर्स के लिए कहा

**आर्मी:** क्या ACR यानी परफॉर्मेंस रिपोर्ट सही तरीके से बनी? हमने पाया है कि ACR इस सोच के साथ लिखे गए कि महिलाओं को आगे मौका नहीं मिलेगा। इससे महिला अफसरों की मेरिट पर असर पड़ा, पुरुष अधिकारियों से पीछे रहीं। महिलाओं को जरूरी ट्रेनिंग भी नहीं दी गई। यह उनके करियर के खिलाफ गया। आर्टिकल 142 के तहत 'पूर्ण न्याय' के लिए आदेश दे रहे हैं।

**नेवी:** ACR में यहां भी पूर्वाग्रह मिला। लेकिन 'डायनेमिक वैकेंसी मॉडल' सही और गैर-भेदभावपूर्ण है। अधिकारियों को मूल्यांकन का पूरा मापदंड नहीं बताया गया, यह बड़ी कमी।

**एयर फोर्स:** न्यूनतम प्रदर्शन मानदंड जल्दबाजी में लागू किए गए। 2007 बैच को 2020-21 में आंका गया, यह प्रक्रिया ठीक नहीं। प्रक्रिया में खामियां होने के बावजूद कोर्ट ने पुनर्नियुक्ति का आदेश दिया।

**कोर्ट के फैसले पर किसने क्या कहा :**सीनियर एडवोकेट वी. मोहना ने कहा कि सेना में शॉर्ट सर्विस कमीशन (SSC) में महिला अफसरों को स्थायी कमीशन देने का मामले में यह बड़ा कदम है। सीनियर एडवोकेट मेनका गुरुस्वामी ने कहा इस फैसले के लिए कोर्ट का धन्यवाद है। एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने कहा कि कोर्ट के इस फैसले पर हम भी आभारी हैं।

## पंजाब अफसर सुसाइड : सीएम मान का सीबीआई जांच से इनकार

### पूर्व आप मंत्री भुल्लर की गुपचुप पेशी की चर्चा ; डॉक्टरों का बोर्ड पोस्टमॉर्टम कर रहा

**अमृतसर,एजेंसी।** पंजाब के अमृतसर में वेयरहाउस के डिस्ट्रिक्ट मैनेजर (DM) गगनदीप सिंह रंधावा के सुसाइड केस की जांच CBI को देने की बात पर CM भगवंत मान भड़क गए। चंडीगढ़ में आज प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उन्होंने कहा कि राजा वड़िंग और अमित शाह पर भी आरोप लगाकर लोग मर गए। तब किसने रिजाइन किया और कौन गिरफ्तार हुआ? CBI जांच से इनकार करते हुए सीएम ने कहा कि मिनिस्टर का रिजाइन हो गया। उसे अरेस्ट कर लिया। चीफ सेक्रेटरी को जांच के आदेश दिए हैं। नियमों के मुबाबिक कार्रवाई होगी। हमारे लिए मंत्री-संतरी एक समान हैं। वहीं, आरोपी पूर्व मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर को गुपचुप तरीके से जज के सामने पेश करने की चर्चा है। हालांकि, पुलिस इसमें कुछ खुलकर बात नहीं कर रही। डीसीपी रविंदरपाल ने पहले भुल्लर की रिमांड की भी पुष्टि की थी, लेकिन अब वह कह रहे हैं कि अभी पेश किया जाएगा। इधर, DM रंधावा के सुसाइड के चौथे दिन उनके शव का पोस्टमॉर्टम किया जा रहा है। एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट की निगरानी में सिविल अस्पताल में कार्रवाई की जा रही है। साथ ही प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी हो रही है। दोपहर बाद शव का अंतिम संस्कार भी किया जाएगा।



## दिल्ली के लिए 1,03,700 करोड़ रुपए का बजट पेश :10वीं की मेरिट में आने वाले स्टूडेंट्स को मिलेंगे लैपटॉप

**नई दिल्ली,एजेंसी।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को विधानसभा में वित्त वर्ष 2026-27 का बजट पेश किया। इस बार सरकार ने 1 लाख 3 हजार 700 करोड़ रुपए का बजट पेश किया है। सीएम ने अपने संबोधन में कहा कि इस बजट को लोगों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए 'ग्रीन बजट' के रूप में तैयार किया गया है। इसी के तहत कुल बजट का 21 प्रतिशत हिस्सा पर्यावरण के लिए निर्धारित किया गया है। बजट में एजुकेशन के लिए 19 हजार करोड़ का आवंटित किए गए हैं। नई योजना में 10वीं क्लास में मेरिट में आने वाले में सभी स्टूडेंट्स को लैपटॉप दिया जाएंगे। वहीं, 9वीं क्लास में पढ़ने वाली सभी बच्चियों को मुफ्त साइकिल दिए जाने की घोषणा की गई है।



**PWD के लिए 5,921 करोड़ रुपए आवंटित :** लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के लिए 5,921 करोड़ रुपए का फंड आवंटित किए गए हैं। इसके साथ ही शहरी विकास के लिए 7,887 करोड़, यमुनापार के लिए 300 करोड़, झुग्गी विकास के लिए 800 करोड़, ग्रामीण विकास के लिए 787 करोड़ और विकास विभाग के लिए 914 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

## हाई अलर्ट पर भारत : बढ़ते वैश्विक तनाव के बीच रक्षा तैयारियों की समीक्षा, राजनाथ सिंह की अगुवाई में हुई बैठक

**नई दिल्ली,एजेंसी।** हालिया वैश्विक और क्षेत्रीय सुरक्षा घटनाक्रम के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने देश की सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा के लिए एक उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (CDS) जनरल अनिल चौहान, तीनों सेनाओं के प्रमुख, डीआरडीओ के चेयरमैन डॉ. समीर कामत सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान मौजूदा सुरक्षा परिदृश्य और भारत की रक्षा तैयारियों का विस्तृत आकलन किया गया। दरअसल पिछले दिनों 22 मार्च को ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में सीसीएस बैठक हुई थी, जिसमें ऊर्जा और उर्वरक सप्लाई की समीक्षा की गई थी।

## मोदी बोले- ईरान जंग जारी रही तो गंभीर दुष्परिणाम होंगे:आने वाला समय देश की सबसे बड़ी परीक्षा लेगा

**नई दिल्ली,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पश्चिम एशिया के हालात पर राज्यसभा में मंगलवार को 21 मिनट बोले। उन्होंने कहा कि अमेरिका-इजराइल की ईरान से जंग जारी रही तो इसके दुष्परिणाम होंगे। आने वाला समय देश की सबसे बड़ी परीक्षा लेने वाला है। इसमें सफलता के लिए राज्यों का सहयोग जरूरी होगा।

उन्होंने कहा कि मौजूदा संकट से भारत में स्थिति चिंताजनक है। हमारे व्यापार के रास्ते प्रभावित हो रहे हैं। गैस-तेल, फर्टिलाइजर्स जैसे जरूरी सामान की सप्लाई प्रभावित हो रही है। होर्मुज स्ट्रेट में हमारे जहाज और भारतीय क्रू फंसा हुआ है। युद्ध की शुरूआत के बाद से मैंने वेस्ट एशिया के देशों के राष्ट्राध्यक्षों से बात की है।

एक दिन पहले पीएम ने लोकसभा में 25 मिनट की स्पीच दी थी। उन्होंने कहा था कि इस युद्ध के कारण दुनिया में जो कठिन हालात बने हैं, उनका प्रभाव लंबे समय तक बने रहने की आशंका है। इसलिए हमें तैयार रहना होगा। हमें एकजुट रहना होगा। हम कोरोना के समय भी एकजुटता से ऐसी चुनौतियों का सामना कर चुके हैं।

पीएम ने कहा- राज्य सरकार कालाबाजारी-जमाखोरी पर एक्शन लें

पीएम ने कहा कि मैं राज्यों की सरकार से आग्रह करना चाहता हूं कि गरीबों पर, श्रमिकों पर बुरा असर पड़ता है इसलिए पीएम गरीब अन्न कल्याण योजना का लाभ मिलता रहे इसके लिए प्रोएक्टिव कदम उठाए जाएं, राज्य सरकार विशेष वव्यस्था करें।



### आने वाले समय में हमारे देश की बड़ी परीक्षा

पीएम मोदी ने कहा कि सरकार ने इंटर मिनिस्ट्रियल ग्रुप बनाया है, जो इम्पोर्ट और एक्सपोर्ट में आने वाली दिक्कतों का आकलन करता है। कोरोना के समय में अलग-अलग सेक्टर से निपटने के लिए अफसरों के एम्पॉवर्ड ग्रुप बने थे, वैसे ही अभी 7 एम्पावर्ड ग्रुप बने हैं। सरकार कोशिश कर रही है कि आने वाले बुआई के सीजन में किसानों को खाद मिलती रहे। सरकार ने खाद की सप्लाई के लिए तैयारी की है। किसानों को आश्वस्त करूंगा कि सरकार हर चुनौती के समाधान के लिए उनके साथ खड़ी है। ये राज्यों का सदन है। आने वाले समय में संकट हमारे देश की बड़ी परीक्षा लेने वाला है। इसमें सफलता के लिए राज्यों का सहयोग जरूरी है।

### पीएम बोले- मौजूदा संकट ने पूरी दुनिया को भुला दिया

पीएम ने कहा कि बीते सालों में सरकार की कोशिश रही है कि दूसरे देशों पर निर्भरता कम से कम हो। हम आत्मनिर्भर हों, यही एकमात्र विकल्प है। 90 फीसदी से ज्यादा ट्रेड जहाजों पर होता है। यह वैश्विक संकट में ऐसी स्थिति को और गंभीर बना देती है। बीते दशक में किए गए प्रयासों से भारत अपने जरूरतों के अधिकांश हथियार भारत में बना रहा है। एक समय था, जब भारत जीवन रक्षक दवाइयों के लिए दूसरे पर निर्भर था। रेयर अर्थ मीनिरल में निर्भरता को लेकर भी बड़े कदम उठाए जा रहे हैं। मौजूदा संकट ने पूरी दुनिया की इकॉनोमी को हिला दिया है। वेस्ट एशिया में जो नुकसान हुआ है, उससे उबरने में बहुत समय लगेगा। भारत पर इसका कम असर हो, इसके लिए लगातार कोशिश की जा रही है। सरकार पल-पल बदलते हालत पर नजर रख रही है।

### राज्यसभा में पीएम बोले- पूरी दुनिया में ऊर्जा संकट पैदा हुआ

राज्यसभा में पीएम मोदी ने कहा कि पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध से हम सभी परीचित हैं। इस युद्ध को 3 हफ्ते से अधिक समय हो गया है। इससे पूरे दुनिया में गंभीर उर्जा संकट पैदा हो गया है। भारत के लिए भी हालात चिंताजनक है। पेट्रोल डीजल, गैस और फर्टिलाइजर की रूटीन सप्लाई प्रभावित हो रही है। गल्फ देशों में एक करोड़ भारतीय रहते हैं। उनका जीवन और आजीविका भी भारत के लिए बड़ी चिंता है। पीएम ने कहा कि होर्मूज में अनेक जहाज फंसे हैं। उनमें भारतीय क्रू फंसे हैं। जरूरी है कि भारत की संसद की उच्च सदन से शांति और संवाद की एकजुट आवाज पूरी दुनिया तक जाए। युद्ध की शुरूआत के बाद से मैंने वेस्ट एशिया के देशों के राष्ट्राध्यक्षों से बात की है। गल्फ के देशों के साथ बात कर रहे हैं। अमेरिका और इजराइल के संपर्क में हैं।

### ईरान में गैस प्लांट और पाइपलाइन पर हमला

## हिजबुल्लाह का 5 इजराइली ठिकानों पर मिसाइल अटैक ; जंग में अब तक 2663 मौत



**तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी,एजेंसी।** अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का आज 25वां दिन हैं। ईरान में मंगलावर को कई जगह एनर्जी इन्फ्रास्ट्रक्टचर पर हमला हुआ।

मीडिया रिपोट्स के मुताबिक, ईरान के इस्फहान शहर में गैस प्लांट और गैस कंट्रोल स्टेशन को निशाना बनाया गया। इसके अलावा खोर्रमशहर के पावर प्लांट और उसकी गैस पाइपलाइन पर भी हमला हुआ। वहीं लेबनान में ईरान समर्थक उग्रवादी संगठन हिजबुल्लाह ने आज इजराइल के 5 ठिकानों पर मिसाइल और ड्रोन अटैक किया। हिजबुल्लाह ने बताया कि उसने इजराइली सैनिकों की एक छावनी, रडार और तोपखाने को निशाना बनाया।

**ट्रम्प ने ईरान पर हमला 15 दिन के लिए टाला :** ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच हालिया बातचीत के बाद 15 मुद्दों पर सहमति बनी है। इन मुद्दों की पूरी लिस्ट सार्वजनिक नहीं की गई है। उन्होंने ईरान के पावर प्लांट पर हमले 5 दिन के लिए टाल दिए, जबकि इससे पहले होर्मुज खोलने के लिए 48 घंटे की चेतावनी दी थी।

ईरान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि तेहरान और वॉशिंगटन के बीच कोई बातचीत नहीं हो रही है। वहीं, पाकिस्तान, मिस्र और तुर्किये के साथ मिलकर ईरान और अमेरिका के बीच मध्यस्थता की कोशिश कर रहा है। पाकिस्तान अखबार डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने रविवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से बातचीत की।

## कोलंबिया में वायुसेना का विमान क्रैश, 66 की मौत

### 114 कोलंबियाई सैनिक और 11 क्रूमेंबर सवार थे ; टेकऑफ के बाद 1.5किमी. दूर गिरा





**बोगोटा,एजेंसी।** कोलंबिया में सोमवार को एयरफोर्स का हरक्यूलिस C-130 विमान टेक-ऑफ के दौरान क्रैश हो गया। हादसे में अब तक 66 लोगों की मौत हो गई और 50 से ज्यादा घायल हो गए। जबकि 4 सैनिक अभी भी लापता है।

एक सैन्य सूत्र ने AFP को बताया कि 58 सैनिक, छह वायुसेना कर्मी और दो पुलिस अधिकारी मारे गए हैं। यह हादसा पेरू सीमा के पास दक्षिणी अमेजन क्षेत्र के प्यूर्टो लेगुइजामो में हुआ।रक्षा मंत्री पेड्रो सांचेज ने बताया कि विमान रनवे से करीब 1.5 किलोमीटर दूर जाकर गिरा। विमान में 114 सैनिक और 11 क्रू मेंबर सवार थे। कोलंबिया की सेना ने बताया कि इस हादसे में करीब 80 सैनिकों के मारे जाने की आशंका है।

**कोलंबियाई राष्ट्रपति ने हादसे पर दुख जताया :**कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने सैन्य विमान हादसे पर दुख जताया है।

### मथुरा में मोहन भागवत ने संतों के पैर छुए:

## बोले- घुसपैठियों को रोजगार मत दो, ये लोग गड़बड़ी करते हैं

**मथुरा,एजेंसी।** संघ प्रमुख मोहन भागवत मंगलवार सुबह 10 बजे मथुरा के वृंदावन पहुंचे। यहां एक आश्रम के लोकार्पण समारोह में हिस्सा लिया। संतों का पैर छूकर आशीर्वाद लिया। संघ प्रमुख ने धर्मांतरण पर कहा कि जो लोग पहले हिंदू थे, अब दूसरे संप्रदायों में चले गए हैं, उन्हें वापस लाने की कोशिशें जारी हैं। अगर वो खुद ही वापस आना चाहते हैं तो हमें दरवाजे खुले रखने चाहिए।



**भागवत ने घुसपैठ के मुद्दे पर कहा :** समाज का दायित्व है कि जैसे ही किसी घुसपैठिए का पता चले, अधिकारियों को बताएं। वैसे तो हमें भेदभाव नहीं करना है, लेकिन जो देश में चोरी-छिपे आए हैं, कभी-कभी बड़ी गड़बड़ियों का कारण बनते हैं, ऐसे लोगों के लिए हमें स्पष्ट रहना होगा कि हम उन्हें रोजगार नहीं देंगे। समाज और प्रशासन को मिलकर ऐसे प्रयास करने चाहिए कि धर्मांतरण और घुसपैठ को रोका जाए।

संघ प्रमुख ने हिंदुओं को तीन बच्चे पैदा करने की अपनी सलाह फिर से दोहराई।

### केवल हिंदू-बौद्ध-सिख ही अनुसूचित जाति का दावा कर सकते हैं:

## सुप्रीम कोर्ट का फैसला- धर्म बदला तो अनुसूचित जाति का दर्जा भी खत्म हो जाता है

**नई दिल्ली,एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि केवल हिंदू, सिख और बौद्ध धर्म से जुड़े लोग ही अनुसूचित जाति का दर्जा प्राप्त कर सकते हैं। अगर कोई ईसाई या किसी और धर्म में धर्मांतरण करता है तो वह अनुसूचित जाति का दर्जा खो देगा।जस्टिस पीके मिश्रा और जस्टिस मनमोहन की बेंच ने फैसला सुनाते हुए कहा कि ईसाई धर्म अपनाने वाला दलित व्यक्ति अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत मिलने वाले किसी भी लाभ का दावा नहीं कर सकता है। यह फैसला आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट के मई 2025 के फैसले के खिलाफ सुनाया गया। धर्म परिवर्तन के बाद पादरी बने चिंथदा आनंद ने याचिका लगाई थी कि उन्हें अक्काला रामिरेड्डी समेत कुछ लोगों से जातिगत भेदभाव और दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ा। चिंथदा ने SC-ST एक्ट के तहत मामला दर्ज करवाया था। मामला हाईकोर्ट पहुंचने पर इस पर सुनवाई से इनकार कर दिया था। इसके बाद चिंथदा ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी।



**यह था पूरा मामला :** यह मामला विशाखापट्टनम जिले के अनाकापल्ली का है, जहां मूल रूप से एससी (माला समुदाय) के चिंथदा ने ईसाई धर्म अपना लिया और पादरी बन गया। केस की जांच के दौरान पता चला था कि ईसाई धर्म अपनाने के कारण चिंथदा का अनुसूचित जाति का प्रमाणपत्र रद्द कर दिया गया था।

# लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा में मांझी के प्रसिद्ध राम घाट पर श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



**दैनिक खोज खबर /मांझी(सारण)।** चैती छठ पर्व के अवसर पर मंगलवार को मांझी प्रखंड की मुख्य छठ घाटों पर हजारों व्रतियों ने अस्ताचल गामी भगवान भाष्कर को श्रद्धा पूर्वक अर्घ्य समर्पित किया तथा प्रतीकात्मक सिरसोपटा के समीप बैठकर छठी माता की पूजा अर्चना की। मांझी के प्रसिद्ध राम घाट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। उक्त घाट पर रंजन शर्मा के संयोजकत्व में बेहतर व्यवस्था उपलब्ध कराई गई थी। बावजूद इसके रामघाट पर निर्माणरत अटल घाट की घेराबंदी की वजह से छठ घाट काफी संकरा हो गया था इस वजह से व्रतियों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। स्थानीय नगर पंचायत द्वारा बगल के बहोरन सिंह के टोला घाट पर भी व्रतियों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध कराई गई थी। उक्त घाट पर भी व्रतियों की काफी भीड़ देखी गई। इसके अलावा स्थानीय बैरिया घाट पर उमड़ी भीड़ के मद्देनजर समाजसेवी छोटे गुप्ता द्वारा व्रतियों के लिए बेहतर व्यवस्था उपलब्ध कराई गई थी। मझनपुरा के गंगोपड़ाइन घाट,कौरु धौरु,धनी छपरा, दुर्गापुर, बाबा मधेश्वर नाथ घाट,सोनासती घाट, मेंहदीगंज, फतेहपुर, डुमरी, घोरहट, भभौली, सलेमपुर, ड्यूमाइगढ, फुलवरिया,ताजपुर,मटियार,मुबारकपुर तथा महम्मदपुर में क्रमशः सरयु नदी तथा दाहा नदी में अर्घ्य दान के अलावा व्रतियों ने विभिन्न तालाबों पर बने छठ घाटों पर अर्घ्य दान किया। छठ घाटों पर स्थानीय प्रशासन के अलावा पूजा समिति के सदस्य गण, समुचित पुलिस के जवान, स्वास्थ्य कर्मी एवम नावों पर तैनात गोताखोर लगातार निगरानी कर रहे थे।

## घरेलू गैस की कालाबाजारी के खिलाफ प्रशासन की सख्ती, छापेमारी में 37 गैस सिलेंडर जब्त



**दैनिक खोज खबर/ मांझी(सारण)।** स्थानीय प्रखंड के डुमाईगढ़ नवका टोला स्थित एक घर में छापेमारी के दौरान 14.2 किलोग्राम क्षमता वाले 37 खाली घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए। यह कार्रवाई प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी संतोष कुमार के नेतृत्व में हुई। बताया गया कि स्थानीय निवासी नागेंद्र साह के घर में अवैध रूप से इन सिलेंडरों का भंडारण किया गया था। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में गैस की कालाबाजारी की मंशा रखने वाले तस्करों के बीच हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार, यह छापेमारी मंगलवार की दोपहर नवका टोला, ड्यूमाईगढ़ में की गई। जांच के दौरान अनुदानित घरेलू गैस सिलेंडरों को अवैध रूप से जमा कर कालाबाजारी की तैयारी का मामला सामने आया, जिसके बाद तत्काल सभी सिलेंडरों को जब्त कर लिया गया। जब्त किए गए सिलेंडरों में इंडियन ऑयल (IOCL) के 18 और भारत पेट्रोलियम (BPCL) के 19 खाली सिलेंडर शामिल हैं। जप्ती की यह प्रक्रिया दो स्वतंत्र गवाहों की उपस्थिति में पूरी की गई। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि अनुदानित घरेलू गैस सिलेंडरों का अवैध भंडारण और कालाबाजारी एक गंभीर अपराध है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इसे किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।

## सीनियर पुरुष नेशनल हैंडबॉल बिहार टीम में सारण से तीन प्रतिभागी शामिल



**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** हरियाणा के कुरुक्षेत्र में 23 से 27 मार्च तक आयोजित 54 वी एच एफ आई सीनियर पुरुष नेशनल हैंडबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने वाली 18 सदस्यीय बिहार टीम में सारण से दो खिलाड़ी शामिल है। जबकि एक नेशनल रेफरी तकनीकी पदाधिकारी के रूप में फेडरेशन द्वारा आमंत्रित है । नेशनल हैंडबॉल प्रतियोगिता में सारण से तीन प्रतिभागियों के शामिल होने से लोगों में खुशी है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बिहार टीम के उत्साहित खिलाड़ियों को बिहार हैंडबॉल संघ के चेयरमैन विधान पार्षद इंजीनियर सच्चिदानंद राय बिहार हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष पंकज कुमार, महासचिव ब्रजकिशोर शर्मा सहित अन्य ने रवाना किया। सारण जिला हैंडबॉल के सचिव संजय कुमार सिंह ने बताया कि इस नेशनल प्रतियोगिता में निर्णायक के लिए फेडरेशन के आमंत्रण पर सारण के चैनपुर मशरक निवासी राष्ट्रीय रेफरी रितेश कुमार सिंह पिता विजय सिंह प्रतियोगिता के लिए रवाना हुए। रितेश पीएम श्री केवि में खेल प्रशिक्षक है। मशरक गोपालबारी गांव निवासी स्वर्णपदक प्राप्त राष्ट्रीय खिलाड़ी अभिषेक कुमार सिंह पिता मजिस्टर सिंह, जबकि धनौती पानापुर निवासी राजा कुमार सिंह पिता स्व रामबिलास सिंह बिहार टीम के साथ रवाना हुए। खिलाड़ियों के नेशनल के लिए चयन एवं बेहतर प्रदर्शन के लिए सारण हैंडबॉल के चेयरमैन डॉ हरेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष अजीत सिंह मुखिया, राकेश कुमार सिंह, डॉ जितेंद्र सिंह के अलावे इंजीनियर ललित सिंह, ठाकुर विनोद सिंह अप्पू, सत्येंद्र तिवारी , रमेश सिंह सहित अन्य ने बधाई दी।

## रेलवे इंजीनियरिंग विभाग ने रेलवे सुरक्षा विभाग को 71 रनो से किया पराजित




**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** अंतर्विभागीय क्रिकेट टूर्नामेंट, सोनपुर रेलवे स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में रेलवे सुरक्षा विभाग ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने हेतु इंजीनियरिंग विभाग को मंगलवार को आमंत्रित किया। बल्लेबाजी करने उतरी इंजीनियरिंग विभाग की टीम के सलामी बल्लेबाज रंजीत बिना खाता खोले आउट हो गए, उसके बाद मिथिलेश और यशवंत भी एक एक रन बनाकर आउट हो गए। उसके बल्लेबाजी करने आए बल्लेबाज राजीव 8 रन और जावेद 31 रन कुछ देर विकेट पर टिके परंतु राजीव दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से बोल्ट आउट होकर पवेलियन लौट गए।इस प्रकार से इंजीनियरिंग विभाग की टीम अपना 4 विकेट पावर प्ले के अंदर 20 रनो पर खो कर संघर्ष करती हुई नजर आ रही थी, तदोपरांत बल्लेबाजी करने उतरे बल्लेबाज सौरभ 50 रन ने जावेद के साथ मिलकर शानदार 90 रनो की साझेदारी की, जिसके बदौलत टीम ने अपने 8 विकेटों के नुकसान पर 151 बनाया। सुरक्षा विभाग की ओर सबसे गेंदबाज चंदन पांडे रहे जिन्होंने 03 विकेट लिए।उसके बाद 152 रन का पीछा करने उतरी टीम सुरक्षा विभाग की टीम ज्यादा कुछ कर नहीं सकी और पूरी टीम 80 रन बनाकर ऑल आउट हो गई इसमें सलामी बल्लेबाज अमन के 21 रनों के अलावा कोई भी खिलाड़ी दो अंकों में नहीं पहुंच सकी। इंजीनियरिंग विभाग की ओर से राजा भारती, जावेद और रंजीत ने दो - दो विकेट एवं विकाश, कुंदन और अमित ने एक विकेट लिये। 90 रनो की साझेदारी 04 विकेट 20 रनो पर गिरने के बाद सौरभ 50 रन और जावेद 31 रन बनाये। इस प्रकार से इंजीनियरिंग विभाग ने यह मुकाबला 71 रनो से जीत लिया। इस प्रकार जावेद के ऑलराउंड प्रदर्शन 31 रन और 02 विकेट के बदौलत मैच का मैंन ऑफ द मैच दिया गया।

## शिक्षिका ने बेटा के लेफ्टिनेंट बनने पर सूर्य मंदिर पर उतारी मन्नत

**दैनिक खोज ख़बर/ छपरा, सारण ।** सारण जिला के कोठियां नाराव स्थित मनोकामना पूर्ण सूर्य नारायण मंदिर पर चैत्र छठ महापर्व में आस्था का जन सैलाब ने अस्ताचल सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर छठ महापर्व किया द्य व्रतियों ने पहले सूर्य कुंड में डुबकी लगायी और भगवान भुवन भास्कर के प्रति अपनी श्रद्धा का भोग अर्घ्य के रूप में अर्पित किया द्य इसके बाद बरातियों ने



भगवान सूर्य नारायण मंदिर में पूजा अर्चना की और कथा श्रवण कर घर लौटे ।

**मनोकामना पूर्ण होने पर दर्जनों व्रतियों न े सूर्य मंदिर पर की महापर्व**

सूर्य नारायण मंदिर आस्था का केंद्र बनता जा रहा है हर साल यहां सैकड़ों स्थानीय और दूसरे जिले और प्रदेश के श्रद्धालू यहां छठ करते हैं द्य चैत्र छठ महापर्व के अवसर पर भी दर्जनों व्रतियों ने व्रत किया द्य मौजमपूर हँसकरी निवासी शिक्षिका रेखा देवी ने अपने पति के दरोगा में प्रमोशन और बेटा राहुल के लेफ्टिनेंट बनने पर व्रत किया द्य दरियापुर सखनौली के फुलकुमारी देवी ने नव भवन के निर्माण का मन्नत पूरा होने पर यही खरना और अर्घ्य का प्रसाद बनाकर दो दिनों से घाट सेवन करते हुए व्रत किया द्य सदर प्रखंड के बड़ा तेलपा के उर्मिला देवी ने अपने बेटा मोहन के सरकारी नौकरी का मन्नत पूरा होने पर रात में सूर्य मंदिर पर घाट सेवन करते हुए कोसी भरकर व्रत किया द्य इस तरह अन्य भक्तों ने भी मन्नत पूरा होने पर व्रत किया । सूर्य मंदिर प्रबंधन समिति के साथ सेवा समिति के सदस्यों के साथ प्रशासन एवं ग्रामीणों ने छठव्रतियों का सहयोग प्रदान किया।

## कला संकाय में 401 अंक लाकर प्रखंड नाम किया रौशन

**दैनिक खोज खबर/पानापुर (सारण)** सोमवार को बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा जारी इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा परिणाम में ग्रामीण क्षेत्रों के छात्र छात्राओं ने भी सफलता का परचम लहराया है। उच्च माध्यमिक विद्यालय रसौली की छात्रा खुशी कुमारी ने कला संकाय में 401 अंक लाकर पंचायत व प्रखंड का नाम रौशन किया है। जहां एक तरफ छात्र छात्राएं अधिक अंक लाने के लिए विज्ञान संकाय का चयन करते हैं, लेकिन खुशी को अपने पर पूर्ण विश्वास था की सच्ची श्रद्धा और लग्न से पढ़ाई



की जाए तो सफलता निश्चित मिलती है।खुशी के पिता बिपेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि खुशी हमेशा अपने पढ़ाई के प्रति जागरूक रहती है।खुशी ने बताया कि वह आगे की पढ़ाई कर यूपीएससी की तैयारी करना चाहती है। इसलिए उसने कला संकाय का चयन किया है।खुशी कुमारी की सफलता पर परिवर्तनकारी प्रारंभिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, पंचायत के मुखिया व रिश्तेदारो शुभकामनाएं व बधाई दी है।

## सलिमापुर में भूविहीन दस लोगों को सौंपा गया बासगित भूमि का पर्चा



**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)** स्थानीय प्रखंड के सलिमापुर पंचायत में आवास विहीन परिवारों को वासगीत पर्चा दी गई। मंगलवार को पंचायत भवन परिसर में 'अभियान बसेरा' के तहत 10 अवास व भू विहीन परिवारों के बीच गृहस्थल बंदोबस्ती पर्चा का वितरण किया गया। इस दौरान भूमि सुधार उपसमाहर्ता धनंजय त्रिपाठी, प्रभारी अंचल अधिकारी सह राजस्व अधिकारी सुनील कुमार, राजस्व कर्मी और पंचायत प्रतिनिधि मौजूद रहे। चयनित सभी लाभुकों को दो-दो डिसमिल जमीन का पर्चा सौंपा गया। अधिकारियों ने बताया कि सरकार की प्राथमिकता है कि कोई भी परिवार भूमिहीन न रहे, इसी लक्ष्य के तहत पात्र परिवारों को चिन्हित कर जमीन उपलब्ध कराई जा रही है। पर्चा मिलते ही लाभूकों के चेहरे खिल उठे। वर्षों से जमीन के इंतजार में बैठे इन परिवारों का सपना अब पूरा होता दिख रहा है।

## बनियापुर में व्रतियों ने अस्ताचलगामी सूर्य को दिया अर्घ्य

**दैनिक खोज ख़बर/बनियापुर (सारण )।** बनियापुर प्रखंड क्षेत्र के कराह में चार दिवसीय महापर्व छठ के तीसरे दिन सोमवार को व्रतियों ने अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित कर अपनी कठिन साधना का महत्वपूर्ण चरण पूरा किया। 36 घंटे के निर्जला उपवास का पालन कर रहे व्रती दिनभर पूजा-अर्चना में लीन रहे और संध्या होते ही नदी, तालाब, पोखर एवं कुओं के घाटों पर पहुंचकर डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया। इससे पूर्व व्रतियों ने देर रात गुड़ की खीर और रोटी का प्रसाद ग्रहण कर उपवास की शुरुआत की थी। छठ पर्व के तीसरे दिन का संध्या अर्घ्य अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है, जिसमें श्रद्धालु पूरे विधि-विधान के साथ भगवान सूर्य की आराधना करते हैं। घाटों पर छठ गीतों की गूंज, दीपों की रोशनी और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक जगह-



जगह अस्थायी घाट बनाए गए हैं। श्रद्धालुओं ने छोटे-छोटे गड्ढों, तालाबों और नदियों के किनारे साफ-सफाई कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया।व्रती पूरी रात कोसी भरने की परंपरा निभाएंगे और अगले दिन उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही इस महाव्रत का समापन करेंगे। छठ पर्व को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

## शहीदों को श्रद्धांजलि, युधोन्माद के खिलाफ बुलंद हुई आवाज

**दैनिक खोज खबर/दरियापुर (सारण)।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की दरियापुर अंचल परिषद के तत्वाधान में डेरनी बाजार स्थित इंदिरा मार्केट के विवाह भवन में शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा सह गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. महात्मा प्रसाद गुप्ता ने की। कार्यक्रम की शुरुआत सभी प्रबुद्धजनों द्वारा शहीद-ए-आजम भगत सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस दौरान उपस्थित लोगों ने अमर शहीदों के बलिदान को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। अपने अध्यक्षीय संबोधन में डॉ. महात्मा प्रसाद गुप्ता ने कहा कि भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव जैसे क्रांतिकारी न केवल स्वतंत्रता संग्राम के नायक थे, बल्कि वे साम्राज्यवाद, धर्मांधता और युद्ध की मानसिकता के खिलाफ भी सशक्त आवाज रहे। उन्होंने वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि विश्व में बढ़ता तनाव मानवता के लिए गंभीर खतरा है। गोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि वैश्विक स्तर पर बढ़ती आक्रामक नीतियां और युद्धोन्माद शांति के लिए चुनौती बन रहे हैं। वक्ताओं ने भारत की पारंपरिक गुटनिरपेक्ष नीति और शांति के पक्ष में मजबूत भूमिका निभाने की आवश्यकता पर जोर दिया। सभा को डेरनी विकास मंच के अध्यक्ष गूँजेश्वर प्रसाद राय, जदयू प्रखंड अध्यक्ष संजय कुमार सिंह, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष तरुण तिवारी, ऐप्सो के राज्य उपाध्यक्ष एवं सीपीआई के वरिष्ठ नेता डॉ. के.एन. सिंह, अंचल सचिव कॉमरेड शिवजी दास, कॉमरेड परमात्मा प्रसाद गुप्ता, डॉ. वीरेंद्र कुमार सिंह, राम परीक्षण शर्मा, समाजसेवी लक्ष्मण सिंह, दिनेश तिवारी, जयराम मल्ल तथा जयनंदन प्रसाद सहित कई प्रबुद्धजनों ने संबोधित किया। कार्यक्रम के अंत में विजय कुमार साह ने युद्धोन्माद के खिलाफ और वैश्विक शांति के समर्थन में देशवासियों से एकजुट होने की अपील की तथा सभी उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया। वहीं कीर्तनकार गायक नागेश्वर आजाद ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर माहौल को भावुक और ऊर्जावान बना दिया।



## मढ़ौरा नपं में 92 करोड़ 36 लाख 67 हजार रुपया का बजट पास



**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** नपं का बजट पर चर्चा के साथ 92 करोड़ 36 लाख, 67 हजार रुपया का बजट को पास किया गया। मंगलवार को मुख्य पार्षद रूबी सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में उपमुख्य पार्षद धीरज कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी हरिश्चंद, सात वार्ड पार्षद और कर्मी उपस्थित थे। ईओ हरिश्चंद्र ने बताया कि बैठक में बजट पर चर्चा की गई है। चर्चा उपरांत 92.36 करोड़ का बजट पास किया गया है। यह बताया गया कि बजट का 87.5 प्रतिशत राशि सरकार से अनुदान के तौर पर प्राप्त होगी जबकि 5.6 करोड़ राशि नगर की अपनी कमाई होगी। नगर की खूद की कमाई में सम्पति कर (होल्डिंग) से 45 लाख रुपया वसूली का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। पानी के बिल से 4 लाख, मोबाइल टावर से 3 लाख, विज्ञापन से 3 लाख राशि प्राप्त करने की बात कही गई है। इस वर्ष का बजट पिछ्ले वर्ष से करीब 4 करोड अधिक का है। इस बजट से नगर का कायाकल्प और इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने की बात बताई गई है।

**मुख्य पार्षद ने कहा**

मुख्य पार्षद रूबी सिंह ने कहा कि नगर क्षेत्र में नगरीय सुविधा को बढ़ाने और आम लोगों को सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर काम को प्राथमिकता दी जा रही है। उक्त बजट से नगर के विकास कार्य और इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने में मदद मिलेगी। आठ पार्षदों ने बजट बैठक का किया बहिष्कार :-

नपं के बजट बैठक का कूल 16 में 8 वार्ड पार्षदों ने बहिष्कार किया। बहिष्कार करने वाले पार्षदों में रंजय कुमार रमन, पुष्पा देवी, निर्मला देवी, वेद प्रकाश, संम्पा सिंह, सोना देवी 1, सोना देवी 2, सत्येंद्र कुमार का नाम शामिल था। वार्ड पार्षदों ने कार्यपालक पदाधिकारी को एक हस्ताक्षरित आवेदन भी दिया है। आवेदन में नगर के विकास कार्यों में लगातार लूट और भ्रष्टाचार को लेकर अपनी नाराजगी व्यक्त की है।

## रामनवमी के दौरान शरारती तत्वों पर पुलिस की रहेगी नजर

**गोरेयाकोठी ( सिवान)।** प्रखंड के जामो बाजार थाना परिसर में थानाध्यक्ष धीरज कुमार के नेतृत्व में व बसंतपुर थाना परिसर में थानाध्यक्ष राजू कुमार के नेतृत्व में चैती छठ व रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों के अलावा सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी भाग लिया। बसंतपुर में थानाध्यक्ष राजू कुमार ने उपस्थित लोगों से कहा कि वे भी अपने स्तर से असामाजिक तत्वों पर नजर रखेंगे। किसी भी संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी अविलंब पुलिस से साझा करेंगे। वैसे तो पुलिस की भी नजर ऐसे लोगों पर रहेगी। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से आह्वान किया कि पर्व के दौरान शांति बहाली में वे अपने स्तर से भी प्रयास करेंगे। रामनवमी शोभायात्रा आयोजकों से कहा कि किसी की भी भावना को ठेस नहीं पहुंचे, इसका निश्चित रूप से ध्यान रखेंगे। रामनवमी शोभायात्रा निकालने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। शोभायात्रा के मार्ग पर सहमति बनी। यह भी कहा गया कि बैठक में तय हुए बातों का उल्लंघन किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। शोभायात्रा के दौरान उमड़ने वाली भीड़ की हर तरह से प्रबंधन पर भी चर्चा की गई व कई निर्देश भी दिए गए। स्थानीय नगर पंचायत चेयरमैन अमित कुमार, अरुण सिंह, पवन सिंह, प्रेमशंकर यादव, कमलेश कुमार, चंदन कुमार, देवीलाल शर्मा भी उपस्थित रहे।

# अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देकर व्रतियों ने सुख-समृद्धि की कमाना की

## आज उदीयमान सूर्य के अर्घ्य देने के साथ सम्पन्न होगा चार दिवसीय छठ व्रत

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र में लोक आस्था का महापर्व चैती छठ पूजा पूरे श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया जा रहा है। तीसरे दिन मंगलवार के व्रतियों ने अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य और शांति की कामना की।पहलेजा घाट गंगा नदी व नरायणी नदी से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक नदी, तालाब और घाटों पर आस्था का अद्भुत दृश्य देखने को मिला।सूर्यास्त के समय व्रती महिलाएं और पुरुष पारंपरिक वेशभूषा में घाटों पर पहुंचे और भगवान सूर्य के साथ-साथ छठी मैया की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इस दौरान घाटों पर दीपों की रौशनी, लोकगीतों और छठ के पारंपरिक गीतों से वातावरण भक्तिमय हो गया।पूजा के दौरान व्रतियों ने कच्चे दूध, गंगाजल, केला,नारियल, ईख अन्य फल और ठेकुआ सहित अन्य प्रसाद से सूर्य भगवान को अर्घ्य अर्पित किया। परिवार के सदस्य और श्रद्धालु भी व्रतियों के साथ उपस्थित होकर पूजा में शामिल हुए और आशीर्वाद प्राप्त किया। छठ पूजा को लेकर प्रशासन द्वारा भी सुरक्षा और साफ-सफाई के व्यापक इंतजाम किए गए हैं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। पूरे क्षेत्र में भक्ति, आस्था और उल्लास का माहौल बना हुआ है। आज सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही चार दिवसीय छठ व्रत का समापन होगा। प्रातःकाल व्रती पुनः घाटों पर पहुंचकर उगते सूर्य को अर्घ्य देंगे और इसके बाद पारण कर व्रत पूर्ण करेंगे।छठ पूजा को लेकर प्रशासन द्वारा भी सुरक्षा और साफ-सफाई के व्यापक इंतजाम किए गए हैं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। पूरे क्षेत्र में भक्ति, आस्था और उल्लास का माहौल बना हुआ है।



## सबलपुर में रिंग बांध के निर्माण कार्य में हो रहे बिलम्ब के लेकर ग्रामीणों ने की बैठक

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर प्रखंड क्षेत्र के सबलपुर उतरी पंचायत के नवल टोला महुआ बाग स्थित देवी मंदिर प्रांगण में कटाव पीड़ित ग्रामीणों कि एक बैठक मंगलवार क़ो की गई। जिसकी अध्यक्षता शेखर राय जबकि संचालन समाजसेवी लालबाबू पटेल ने की । पश्चिमी पंचायत के नौ घरवा एवं उतरी पंचायत के नेवल टोला महुआ बाग दोनों पंचायत के लोग एकत्रित होकर बाढ़ के समय गंगा के जमीन कटाव होने के कारण घर, खेती, जानमाल की क्षति होती है। इस समस्याओं के कारण गंगा तटीय के लोगो में अभी से कार्य के निर्माण शुरू नहीं होने से लोगो में दहशत में रहते हैं। बैठक में बताया गया कि यहां प्रत्येक साल सैकड़ों एकड़ उपजाऊ जमीन सहित कितने लोगों के घर गंगा में समाहित हो जाती हैं.वर्षों से बसा हुआ घर उजड़ जाते हैं बाढ़ आने से पहले बोल्डर पिचिंग का काम शुरू होना चाहिए लेकिन अभी कार्य शुरू भी नहीं हुआ. इसका राशि 57 करोड़ 55 लाख रूपये का स्वीकृति मिल गयी लेकिन बोल्डर पिचिंग होना तय है इसके बावजूद अब तक कोई स्थायी समाधान धरातल पर नहीं उतर सका है। स्थिति से नाराज स्थानीय कटाव पीड़ित ग्रामीणों ने सरकार और प्रशासन से माँग किया कि जल्द ही कार्य शुरू किया जाए। पटेल ने बताया कि बीते वर्ष कटाव रोधी कार्य किया गया था जो पैसा का बंदरबाट कर गुणवत्ता पूर्ण कार्य नहीं किया गया जिसके कारण अनेकों घर गंगा में समाहित हो गया था जो स्थाई रूप से कटाव नहीं रुक सका.केवल दिखावे के लिए अस्थायी उपाय किए जाते रहे हैं, जो जनता के साथ सीधा छल है। कटाव का एक ही स्थाई निदान है रिंग बांध. ग्रामीण शेखर राय ने कहा कि सबलपुर को कटाव मुक्त बनाना है तो रिंग बांध का निर्माण हो तभी कटाव रुक सकता हैं. मार्च महीना समाप्त होने को है अभी तक कटाव स्थल पर कोई काम शुरू नहीं किया जा रहा है. जिससे कटाव पीड़ित के ग्रामीणों में रोष है.रौशन ने कहा कि बीते महीने से सुन रहे हैं कि बोल्डर पिचिंग होगा लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग है। अब तक एक भी पत्थर नहीं गिराया गया है। बैठक में शामिल ग्रामीण नंदलाल राय, खेलारी राय, सुभाष राय, कपिन्द्र सिंह, पुकार राय सहित सैकड़ो लोग शामिल रहे।

## मशरक में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ग्राहक सेवा केंद्र का हुआ उद्घाटन

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक प्रखंड के देवरिया गांव में मंगलवार को सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के ग्राहक सेवा केंद्र का विधिवत उद्घाटन फीता काटकर एवं पूजा-अर्चना के साथ किया गया। उद्घाटन समारोह में शाखा प्रबंधक राजू कुमार सिंह समेत शिक्षक मुकुल सिंह समेत स्थानीय ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य लोगों की अच्छी-खासी उपस्थिति रही। सभी ने क्षेत्र में इस तरह की सुविधा शुरू होने पर खुशी जाहिर की और इसे ग्रामीणों के लिए बेहद लाभकारी कदम बताया। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक तरीके से पूजा-अर्चना के साथ हुई, जिसके बाद फीता काटकर केंद्र का शुभारंभ किया गया। इस दौरान लोगों ने केंद्र संचालक राकेश कुमार राम को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। केंद्र के संचालक राकेश कुमार राम ने जानकारी देते हुए बताया कि यह ग्राहक सेवा केंद्र मशरक स्थित सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा से संबद्ध है। उन्होंने कहा कि इस केंद्र के माध्यम से अब देवरिया एवं आसपास के गांवों के लोगों को बैंकिंग कार्यों के लिए दूर-दराज के बैंक शाखाओं में जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। यहां पर खाता खोलने, नकद जमा एवं निकासी, आधार आधारित लेन-देन, बैलेंस जांच, मिनी स्टेटमेंट, पेंशन भुगतान, सरकारी योजनाओं की राशि निकासी सहित विभिन्न बैंकिंग सेवाएं आसानी से उपलब्ध कराई जाएंगी।उन्होंने यह भी बताया कि इस केंद्र के खुलने से खासकर बुजुर्गों, महिलाओं और मजदूर वर्ग के लोगों को काफी सहूलियत मिलेगी, जो अब अपने गांव के नजदीक ही सुरक्षित और सरल तरीके से बैंकिंग सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे। डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा देने के लिए भी लोगों को जागरूक किया जाएगा। स्थानीय ग्रामीणों ने कहा कि अब तक उन्हें छोटे-छोटे बैंकिंग कार्यों के लिए भी मशरक या अन्य जगहों पर जाना पड़ता था, जिससे समय और पैसे दोनों की बर्बादी होती थी। लेकिन इस ग्राहक सेवा केंद्र के शुरू होने से उनकी यह समस्या काफी हद तक दूर हो जाएगी। समारोह के अंत में सभी ने केंद्र के सुचारू संचालन और क्षेत्र के विकास में इसके योगदान की उम्मीद जताई।

## चंदेश्वर मोड़ स्थित सीमेंट स्टोर में चोरी, 75 हजार नकद व कागजात ले उड़े चोर

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक नगर पंचायत क्षेत्र के चंदेश्वर मोड़ स्थित न्यू आनंद सीमेंट स्टोर में मंगलवार की बीती देर रात अज्ञात चोरों ने चोरी की बड़ी घटना को अंजाम दिया। चोरों ने दुकान का गल्ला तोड़कर करीब 75 हजार रुपये नकद तथा जरूरी कागजात चोरी कर लिए। दुकान के मालिक आशीष कुमार ने बताया कि वह रोज की तरह सोमवार की देर रात दुकान बंद कर अपने घर मशरक गोला चले गए थे। मंगलवार की सुबह जब दुकान खोलने पहुंचे तो अंदर का नजारा देख उनके होश उड़ गए। काउंटर का सामान बिखरा पड़ा था और गल्ला टूटा हुआ था, जिसमें रखे करीब 75 हजार रुपये गायब थे। घटना की छानबीन के दौरान पता चला कि चोर छत के रास्ते दुकान में घुसे थे और चोरी की वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए।घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। पुलिस को सूचना दे दी गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

## बिहार दिवस पर सुतिहार में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

### गीतों के माध्यम से दिया सामाजिक संदेश

**दैनिक खोजखबर /दरियापुर (सारण)।** बिहार दिवस के अवसर पर दारोगा प्रसाद राय महिला प्रशिक्षण एवं औद्योगिक केन्द्र, सूतीहार के प्रांगण में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के चेयरमैन राज किशोर प्रसाद यादव ने की।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व जिला कल्याण पदाधिकारी, किशनगंज शंकर प्रसाद सिंह कुशवाहा ने बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में जागरूकता फैलाने का सशक्त माध्यम हैं। वहीं फैयाज आलम, डॉ. शफी मुन्ना अंसारी तथा अन्य शिक्षकों ने भी अपने संबोधन में शिक्षा, संस्कृति और सामाजिक एकता के महत्व पर बल दिया। कार्यक्रम के दौरान कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से लोगों का मन मोह लिया। प्रभुनाथ राय, राजेश कुमार, लालदेई देवी, अर्जुन भारती, राजबिहारी राय और कृष्ण देव शर्मा ने सद्भावना गीतों के साथ-साथ दहेज उन्मूलन एवं नशा मुक्ति जैसे गंभीर सामाजिक विषयों पर आधारित गीत प्रस्तुत कर लोगों को जागरूक किया।
कार्यक्रम में उपस्थित दर्शकों ने कलाकारों की प्रस्तुति की सराहना करते हुए तालियों से उनका उत्साहवर्धन किया। पूरे आयोजन में बिहार की सांस्कृतिक छटा और सामाजिक संदेशों का सुंदर समन्वय देखने को मिला।

## चार दिवसीय छठ अनुष्ठान के तीसरे दिन छठ व्रतियो ने दिया अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य

**दैनिक खोज खबर/जलालपुर (सारण)।** प्रखंड क्षेत्र में चैती छठ के चार दिवसीय अनुष्ठान के तीसरे दिन प्रखंड के विभिन्न गांवो में श्रद्धालु छठ व्रतियों ने विभिन्न घाटो पर अस्ताचल गामी सूर्य को अर्घ्य देकर पूजा अर्चना की। पुरोहितों ने उन्हें गायत्री मंत्र व सूर्य देव के मंत्र के साथ गंगाजल से अर्घ्य समर्पित किया।तत्पश्चात छठी मैया के मिट्टी से बनी प्रतिमा के पास छठव्रतियो ने बैठकर पूजा अर्चना शुरू की। पुरोहितो से सुकन्या और सर्याति राजा की कथा सभी ने सुनी। बाद में छठ घाट से लौटने पर सभी ने अपने घरों में ईख के साथ कोसी भरी और मंगल गीत गाए।इसके पहले दिन भर छठवृतियों ने छठ का पवित्र प्रसाद ठेकुआ, लकड़ी के चूल्हे पर बनाया। और छठ घाट के लिए कलसूप और दौरा में रखकर प्रसाद को सजाया। इसमें मौसमी फल केला, संतरा,शरीफा, अंगूर, नारियल प्रमुख रूप से रहे।छठ पूजा को ले तालाबों नदी कृत्रिम घाटों को इसके लिए आकर्षक ढंग से सजाया गया है। प्रखंड के जलालपुर स्थित पोखरा,मिश्रवलिया, कांही नूरनगर,मंगोलपुर शिव मंदिर,मंगोलापुर मठिया,संवरी रेवाड़ी, मजलिसपुर,हसूलाही, चतरा पतिला,सम्होता, देवरिया, कोपा,बसडिला, मुसेहरी साधपुर अनवल बनकटा कुमना आदि गांवो में छठ घाटों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है।लाउडस्पीकरो पर छठी मैया के बज रहे छठ गीतो से वातावरण पवित्र बन गया है।बच्चे भी छठ घाटो पर पटाखे उड़ाते दिखे।सभी छठ व्रती रात्रि जागरण करते हुए अगले दिन प्रातः उदीयमान भास्कर को अर्घ्य देकर छठ व्रत को पूर्ण करेंगे ।






# अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य के साथ छठ महापर्व का तीसरा दिन संपन्न, घाटों पर उमड़ी आस्था की भीड़

**धर्मेंद्र रस्तोगी**

दैनिक खोज खबर/ छपरा, 24 मार्च। सारण जिला सहित राज्य और देश के विभिन्न हिस्सों में चार दिवसीय लोक आस्था के महापर्व छठ के तीसरे दिन सोमवार को व्रतियों ने अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित कर अपनी कठिन तपस्या का एक महत्वपूर्ण चरण पूर्ण किया। 36 घंटे के निर्जला उपवास का पालन कर रहे छठ व्रती दिन भर पूजा- अर्चना में लीन रहे और संध्या होते ही जिला मुख्यालय से सटे दक्षिण और पश्चिमी छोड़ स्थित सरयू नदी, पूर्वी छोड़ में गंडक नहीं के अलावा गंगा नदी और शहर के विभिन्न तालाबों एवं कुओं के घाटों पर पहुंच कर डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया। छठ पर्व के इस तीसरे दिन को 'संध्या अर्घ्य' के रूप में जाना जाता है, जो पूरे व्रत का सबसे महत्वपूर्ण पड़ाव माना जाता है। इससे पूर्व व्रतियों ने खरना के दिन देर रात गुड़ की खीर और रोटी का प्रसाद ग्रहण कर निर्जला उपवास की शुरुआत की थी। इसके बाद से व्रती पूर्ण शुद्धता और नियम के साथ भगवान सूर्य की उपासना में जुटे हुए हैं।सोमवार की शाम छपरा शहर सहित ग्रामीण इलाकों के सैकड़ों घाटों पर आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला। छठ गीतों की मधुर गूंज, दीपों की जगमगाहट और श्रद्धालुओं की भीड़ ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। महिलाएं और पुरुष दोनों ने अपने अपने सिर पर सूप और टोकरी में प्रसाद लेकर घाटों तक पहुंचे, जहां उन्होंने पूरे विधि-विधान से पूजा- अर्चना कर सूर्य देव को अर्घ्य अर्पित किया। हालांकि स्थानीय जिला प्रशासन की ओर से भी घाटों पर सुरक्षा और साफ- सफाई के व्यापक इंतजाम किया गया है। शहर के प्रमुख घाटों के साथ- साथ मोहल्लों और गांवों में भी अस्थायी घाट बनाए गए हैं। वहीं स्थानीय लोगों ने स्वयं भी साफ- सफाई कर घाटों को व्यवस्थित किया है। जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। छठ व्रती पूरी रात 'कोसी भरने' की परंपरा का निर्वहन करेंगे, जिसमें दीप जलाकर भगवान सूर्य और छठी मैया की आराधना की जाती है। यह परंपरा परिवार की सुख-समृद्धि और संतानों की मंगल कामना के लिए निभाई जाती है। मंगलवार की सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही इस महाव्रत का समापन होगा। छठ पर्व को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह और भक्ति का माहौल बना हुआ है, जो बिहार की सांस्कृतिक आस्था और परंपरा की जीवंत तस्वीर प्रस्तुत करता है।



## मां दुर्गा के छठे स्वरूप मां कात्यायनी देवी की भक्तो ने की पूजा अर्चना

**दुर्गा के सातवें स्वरूप मां कालरात्रि की होंगी आज पुजा**

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** चैत्र नवरात्रि के छठे दिन मंगलवार को मां दुर्गा के छठे स्वरूप मां कात्यायनी देवी की पूजा अर्चना की गई। सोनपुर शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के विभिन्न देवी मंदिरों व आवासीय परिसरों में श्रद्धा और भक्ति के साथ श्रद्धालु ने मां अंबे की पूजा में लीन है । मां दुर्गा सप्तसति पाठ मंत्रों से वातावरण गुंजायमान हो रहा है। मां कात्यायनी को लाल रंग के गुलाब फूल पसंद है इतना ही नहीं माँ कात्यायनी के शहद बहुत ही प्रिय है जिसके कारण पूजा के समय श्रद्धालुओं ने मां कात्यायनी को शहद का भोग लगाया । माँ के पुजा अर्चना करने से सफलता और यश का प्राप्त होता हैं। माँ सिंह पर सवारी करती है माँ के चार भुजाएं है। वे कमल और तलवार धारण करती हैं। शत्रुओं पर विजय प्राप्ति के लिए भी मां कात्यायनी की पूजा करते हैं। यह नकारात्मक शक्तियों का अंत करने वाली देवी है। लोक सेवा आश्रम के संत मौनी बाबा ने बताया कि मां कात्यायनी कात्यायन ऋषि की पुत्री के रूप में प्रकट हुई थीं, इस वजह से इनका नाम कात्यायनी पड़ा। यह अपने भक्तों को अभय प्रदान करती हैं क्योंकि इनकी उत्पत्ति ही अत्याचार का अंत करने के लिए हुआ था। माँ के पूजा स्थल पर दुर्गा सप्तशती के मंत्रों से क्षेत्र गुंजायमान हो रहा है। सोनपुर दक्षिनेर्श्वरी काली मंदिर, गौड़ी शंकर मंदिर भरपुरा, आमी स्थित माँ अंविका, डुमरी स्थित माँ कालरात्रि सहित अन्य देवी मंदिर में पूजा अर्चना कर माता की संध्या आरती की गई। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों के देवी मंदिरों व विभिन्न आवासीय परिसरों में चैत्र नवरात्र अनुष्ठान भक्ति भाव से किया जा रहा है। मां दुर्गा सप्तसति पाठ मंत्रों से वातावरण गुंजायमान हो रहा है। वही आज बुधवार को मां दुर्गा के सातवें स्वरूप मां कालरात्रि की पूजा की जायेगी । कालरात्रि का रूप उग्र और भयानक है, लेकिन वे भक्तों को शुभ फल प्रदान करती हैं, इसलिए उन्हें ÷शुभंकरी÷ भी कहा जाता है।सप्तमी पर माता को नीले या लाल रंग के वस्त्र अर्पित करने की मान्यता है। पूजा में मंत्रों का जाप और विशेषकर ' ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चै कालरात्रिभ्यो नमः' का जाप करना लाभकारी है। माँ अंधकार व नकारात्मकता को मिटाने वाली और दुष्ट शक्तियों का नाश करने वाली देवी माना जाता है। इस दिन भक्त शुभ फल की प्राप्ति और भय-रोग से मुक्ति के लिए उनकी उपासना करते हैं, विशेषकर गुड़ का भोग लगाया जाता है।

## अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य के साथ ही तीसरे दिन का व्रत सम्पन्न

**छठ के पारंपरिक लोकगीत से भक्तिमय हुआ माहौल**

**दैनिक खोज खबर/पानापुर (सारण) ।** थानाक्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों पर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य के साथ ही चार दिवसीय सूर्य षष्ठी व्रत का तीसरा दिन सम्पन्न हो गया। विभिन्न छठ घाटों व अपनी नीजी दरवाजे पर भी छठ घाटों का निर्माण कर व्रतियों ने व्रत किया। व्रतियों ने अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देकर अपने परिवार के खुशहाल व निरोग रहने की कामना की।इस मौके पर छोटे-बड़े, बूढ़े व नवजवान नये -नये परिधान में सज धज कर छठ घाटों पर पहुंचे।छठ की पारंपरिक गीत ÷केरवा जे फरेला घवद से÷,÷दऊरा उठाई देर होता जी÷आदि गानें सभी भक्ति से भाव विभोर कर रहे थे।

## सिवान ~ 14 फरियादियों ने एसपी को सुनाई अपनी पीड़ा, दिए कार्रवाई के निर्देश

**परवेज अख्तर/सिवान।** पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा द्वारा समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में मंगलवार को जनता दरबार लगाया गया। एसपी ने उपस्थित 14 लोगों की फरियादें सुनीं। जनता दरबार में सर्वाधिक मारपीट, धोखाधड़ी सहित फर्जी मुकदमे में फंसाने आदि के कई मामले आए थे। इनमें दो दर्जन से ज्यादा मामलों का मौके पर ही निपटारा किया गया। एसपी ने इन मामलों में लापरवाही बरतने वाले कई थानेदारों को फोन कर त्वरित कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। जनता दरबार में भूमि संबंधित मुकदमे के मामले की गुहार लगाने वालों की संख्या सबसे अधिक रही। उन्होंने एक-एक कर जनता दरबार में आए सभी 14 फरियादियों की फरियाद सुनी। एसपी ने जनता के आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए कई थानाध्यक्षों को इन मामले के निष्पादन में कोताही न बरतने का निर्देश दिया। एसपी ने बताया कि नियमित रूप से संचालित जनसुनवाई में आम जनता की समस्याओं से अवगत होकर आवश्यक कार्रवाई हेतु संबंधित थानाध्यक्ष को आदेशित किया गया है।

## कार से 432 लीटर शराब के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**परवेज अख्तर/सिवान।** मैरवा थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर एक कार से शराब बरामद एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार उत्तर प्रदेश कुशीनगर जिला के हाटा थाना क्षेत्र के पड़री टोला सेखपुरवा निवासी मेहदी हसन है। जिसे पुलिस ने पूछताछ के बाद जेल भेज दिया। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा ने बताया कि मंगलवार को मैरवा थाना पुलिस टीम द्वारा बेहतर विधि-व्यवस्था संधारन हेतु धरनी छापर चेक पोस्ट पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। वाहन चेकिंग के क्रम में एक कार से कुल-432 लीटर विदेशी शराब बरामद कर अभियुक्त मेहदी हसन को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में मैरवा थाना में बिहार मद्यनिषेध उत्पाद अधिनियम के अन्तर्गत कांड दर्ज किया गया। कांड में संलिप्त अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु लगातार छापेमारी की जा रही है। थानान्तर्गत जप्त अवैध शराब के इस बड़ी खेप के बैकवर्ड और फारवर्ड लिंकेज पर भी टीम द्वारा कार्य किया जा रहा है। बताया कि नशे के विरुद्ध जिला पुलिस के इस अभियान में सुधिजनों से सूचना और सहयोग की अपील की जाती है। छापेमारी टीम में

## सिवान-बलिदान दिवस पर कवि सम्मेलन सह मुशायरा का आयोजन

**परवेज अख्तर/सिवान।** बलिदानी भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव के बलिदान दिवस पर कहैयालाल केंद्रीय जिला पुस्तकालय में जनवादी लेखक संघ द्वारा विचार गोष्ठी एवं कवि सम्मेलन सह मुशायरा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता युगल किशोर दूबे ने की और संचालन जलेस के जिला सचिव कामरेड मार्कण्डेय ने किया। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए अरुण कुमार सिंह ने आजादी की लड़ाई में बलिदानियों के योगदानों पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए कहा कि शहीद-ए-आजम भगत सिंह दार्शनिक एवं प्रखर राजनीतिक विचारक थे। वे सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक समानता चाहते थे। उनके क्रांति का उद्देश्य केवल अंग्रेजों से आजादी ही नहीं सामाजिक और आर्थिक समानता भी होनी चाहिए। वरिष्ठ अधिवक्ता रविंद्र सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि भगत सिंह की सोच थी कि आजादी के बाद भारत धर्म निरपेक्ष राज्य बना, किंतु आज काली टोपी व हाफ पैंट वाले उनके सपनों के उल्टा देश को चलाना चाहते है। हिंदी साहित्य के विख्यात प्रो डा. हारुन शैलेंद्र ने कहा कि आज देश दोराहे पर खड़ा है जहां आर पार की लड़ाई लड़नी होगी। वरिष्ठ शिक्षक राम नरेश सिंह ने चुटकी लेते हुए कहा कि आज हमारे घर नहीं पड़ोसी के घर भगतसिंह जन्म लें। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए शिक्षक उपेंद्र कुमार यादव ने आज के हालात पर दुष्यंत कुमार की रचना हो गयी है। पीर पर्वत सी पिघलनी चाहिए इस हिमालय से कोई गंगा निकलनी चाहिए। मुशायरा का आगाज करते हुए हुए डा. के एहतेशाम अहमद ने पढ़ा जब सकूत शहर तारी हों जाए एवं हर सच लबों पर भारी हो जाए जब जुल्म की रातें लंबी हो वो दिल में चिंगारी बन जाए। हक के लिए जो खड़ा हो जाए वही इंसान है जो रुके नहीं झूके नहीं वहीं इंकलाब का वादा है। अधिवक्ता अरशद अली की रचना रोज साया कोई आता है चला जाता है श्रोताओं द्वारा सराही गई। सफीर मकदूमी की रचना चमकती बिजलियों में आशियाना याद आता है खूब वाहवाही बटोरी। हैदर वारसी, रमेश कुमार यादव, लल्लू आदि ने रचनाओं से भगतसिंह, राजगुरु व सुखदेव को श्रद्धांजलि अर्पित की। अन्य वक्ताओं में प्रमुख थे।

## छठ घाट समीप शराब बनाने पर ग्रामीण हुए उग्र

**महाराजगंज ( सिवान)।** मंगलवार को चैती छठ के पहले अर्घ्य के समय रामापाली गांव में छठ घाट के ईद गिर्द अवैध शराब बनाने पर ग्रामीण उग्र हो गये। ग्रामीण रूपेश कुमार, सत्येन्द्र कुमार, उज्ज्वल कुमार,सोहन कुमार,ललन प्रसाद आदि का आरोप है कि प्रशासन को सारी बातों की जानकारी कई बार दी गई लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत जिला के वरीय अधिकारियों से की है।

## रामनवमी के अवसर पर बिहार के कदना में भव्य श्रीराम कथा का आयोजन




**दैनिक खोज खबर/ छपरा, 24 मार्च।** रामनवमी के पावन अवसर पर सारण जिले के गड़खा प्रखंड अंतर्गत कदना स्थित मां सती अनुसुईया कोल्ड स्टोरेज प्रांगण में पांच दिवसीय भव्य श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक आयोजन 27 मार्च से 31 मार्च 2026 तक प्रतिदिन संध्या में आयोजित होगा।इस अवसर पर परम पूज्य जगदुरु रामानुजाचार्य गोविंदाचार्य श्री गुप्तेश्वर पांडेय जी महाराज ( पूर्व डीजीपी, बिहार ) के श्रीमुख से राम कथा का रसपान श्रद्धालुओं को प्राप्त होगा। कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र में व्यापक उत्साह देखा जा रहा है और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।आयोजनकर्ताओं द्वारा बताया गया कि यह कथा केवल धार्मिक कार्यक्रम ही नहीं, बल्कि समाज में नैतिक मूल्यों, संस्कारों एवं भगवान श्रीराम के आदर्शों के प्रसार का एक सशक्त माध्यम है। कथा स्थल पर श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं, जिनमें बैठने, प्रकाश, ध्वनि तथा सुरक्षा की समुचित व्यवस्था शामिल है। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों एवं प्रशासनिक अधिकारियों को भी आमंत्रित किया गया है। आयोजनकर्ताओं ने सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे सपरिवार पधारकर श्रीराम कथा का श्रवण करें और इस आध्यात्मिक आयोजन का लाभ उठाएं।

## लालकुआं-कोलकाता-लालकुआं के बीच चलेगी ग्रीष्मकाल विशेष गाड़ी

**सिवान।** रेलवे प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकाल के दौरान यात्रियों की सुविधा हेतु 05060/05059 लालकुआं-कोलकाता-लालकुआं वाया कप्तानगंज, पड़रौना, थावे, सिवान, छपरा ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष गाड़ी का संचालन होगा। ये ट्रेन लालकुआं से दो अप्रैल से 25 जून तक प्रत्येक बृहस्पतिवार को तथा कोलकाता से चार अप्रैल से 27 जून तक प्रत्येक शनिवार को 13 फेरों के लिए किया जाएगा।इस संबंध में वाराणसी मंडल के जनसंपर्क पदाधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि गाड़ी संख्या 05060 लालकुआं-कोलकाता ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष गाड़ी दो अप्रैल से 25 जून तक प्रत्येक गुरुवार को लालकुआं से 13.35 बजे प्रस्थान कर किच्छा, भोजीपुरा, पीलीभीत, पूरनपुर, मैलानी, गोला गोकर्णनाथ, लखीमपुर, सीतापुर, गोंडा दूसरे दिन बस्ती, गोरखपुर, कप्तानगंज, पडरौना, थावे, सिवान से 06.55 बजे, छपरा, सोनपुर, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, बरौनी, किऊल, झाझा, जसीडीह, मधुपुर, चित्तरंजन, आसनसोल, दुर्गापुर, बर्द्धमान, बैण्डेल तथा नैहाटी छूटकर कोलकाता 23.55 बजे पहुंचेगी। बताया कि वापसी यात्रा में, गाड़ी संख्या 05059 कोलकाता-लालकुआं ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष गाड़ी चार अप्रैल से 27 जून तक प्रत्येक शनिवार को कोलकता से 05.00 बजे प्रस्थान कर विभिन्न स्टेशन होते हुए सिवान से 22.35 बजे छूटकर अन्य स्टेशन होते लालकुआं 15.45 बजे पहुंचेगी।

## पूरी रात कलाकारों के साथ झूमते रहे भक्त

**सिवान।** शहर के आनंद नगर पानी टंकी समीप शिव मंदिर में चैत्र नवरात्र के अवसर पर मां भगवती जागरण का आयोजन सोमवार की रात्रि किया गया। शाम पांच बजे से शुरू हुआ यह जागरण अहले सुबह तक चलता रहा। भक्ति गीतों और भजन-कीर्तन से पूरा मुहल्ला मां भगवती की जय-जयकार से गूंज उठा। भक्ति जागरण में आए कलाकार अजीत आनंद, आलम राज, प्रीति राय, पंकज कुमार सिंह तथा पूनम शर्मा ने अपनी मधुर आवाज में माता के भजन गाकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। भक्तिमय माहौल में हर कोई मां के चरणों में लीन रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक रमेश सिंह कुशवाहा, जीरादेई विधायक भीष्म कुशवाहा, जदयू जिलाध्यक्ष विकास कुमार सिंह जीशु व प्रमिल कुमार गोप ने शिरकत की। आयोजनकर्ता अमन बरनवाल व मुकेश बरनवाल के नेतृत्व में बरनवाल परिवार पिंटू, संजय बरनवाल, सुनील कुमार, अमित, अंकित, अंशु, आनंद आदि ने पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शहर के लोगों ने मां भगवती भक्तों ने पहुंचकर जागरण को भव्य बना दिया।

## बदमाशों ने युवक को चाकू मार किया घायल

सिवान। सराय ओपी थाना क्षेत्र के निजामपुर गांव में सोमवार की देर शाम आधा दर्जन की संख्या में बदमाशों ने चाकू से वार कर एक युवक को गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल युवक की पहचान उक्त गांव निवासी अभिषेक कुमार पासवान के रूप में हुई है। घटना के संबंध में स्वजनों ने बताया कि बगल के गांव बर्तवालिया के कुछ युवकों ने फोन कर अभिषेक को घर से बुलाया। निजामपुर गांव में ही घर से कुछ ही दूरी पर पहले से घात लगाए हमलावरों ने चाकू एवं धारदार हथियार से हमलाकर घायल कर दिया। स्थानीय लोग चीख पुकार सुनकर गए एवं स्वजनों को सूचना दी। स्वजनों ने घायल युवक को उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने के कारण डाक्टरों ने जख्मी को इलाज के लिए पीएमसीएच पटना रेफर कर दिया। स्वजनों ने हमले का कारण नहीं बताया।

## सीता विदाई, राम वनवास और केवट प्रसंग सुनकर भावुक हुए श्रद्धालु

**परवेज अख्तर/सिवान।** राम जानकी मंदिर में आयोजित राम कथा महोत्सव के छठे दिन मंगलवार को सीता विदाई, राम वनवास और केवट प्रसंग ने श्रद्धालुओं को भावुक कर दिया।कथा वाचक पंडित कंचन किशोरी ने भगवान श्रीराम और माता सीता के विवाह के उपरांत उनकी विदाई का हृदयस्पर्शी प्रसंग सुनाया तो श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। विदाई प्रसंग में माता सीता के अपने मायके जनकपुर से विदा होने का करुण दृश्य और राजा जनक सहित परिजनों की भावनाओं का जीवंत चित्रण किया गया। इस दौरान कथा स्थल पर उपस्थित श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं और पूरा वातावरण भावनाओं से सराबोर हो गया।उन्होने कहा की सीता का यह त्याग और प्रेम जीवन में कर्तव्य और संबंधों की महत्ता को दर्शाता है। इसके पश्चात उन्होने भगवान श्रीराम के अयोध्या आगमन और फिर माता कैकेयी के वरदान के कारण 14 वर्ष के वनवास का प्रसंग प्रस्तुत किया।इस दौरान उन्होने बताया कि किस प्रकार श्रीराम ने पिता की आज्ञा का पालन करते हुए राजपाट का त्याग कर वनगमन स्वीकार किया। इस दौरान माता सीता और भ्राता लक्ष्मण का साथ जाना त्याग, प्रेम और समर्पण का अद्भुत उदाहरण है। वहीं भरत द्वारा राजगद्दी संभालते हुए श्रीराम की प्रतीक्षा करना भी आदर्श भाईचारे का प्रतीक बताया गया।कथा के क्रम में केवट प्रसंग का भी भावपूर्ण वर्णन किया गया। वनवास के दौरान जब भगवान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण गंगा तट पर पहुंचे, तो केवट ने अपनी नाव से उन्हें पार कराने से पहले उनके चरण धोए। यह प्रसंग सच्ची भक्ति, सेवा औरसमर्पण का प्रतीक है, जिसने श्रद्धालुओं को गहराई से प्रभावित किया।कथा के दौरान भगवान राम के त्याग, धर्म, वचन पालन, भक्ति और सेवा की महिमा पर प्रकाश डाला गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा सुनने पहुंचे और भक्ति भाव में लीन नजर आए।इस अवसर पर दयाशंकर प्रसाद, डा.दिनेश चंद्र, भागवत प्रसाद, संदीप तुरहा, राकेश कुमार, अर्जुन सिंह, मुकुल कुमार बरनवाल समेत कई लोग थे।

## जिले के विभिन्न थानों में लंबित कांडों की हुई समीक्षा

**परवेज अख्तर/सिवान।** पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा के निर्देश में मंगलवार को जिले के विभिन्न थानों में लंबित कांडों की समीक्षा की गई। इस दौरान विभिन्न थानों में संबंधित पदाधिकारी पहुंचकर समीक्षा कर दिशा-निर्देश दिया। इस संबंध में एसपी ने बताया कि जिला अंतर्गत विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के क्रम में गुठनी, महादेवा, सिसवन, चैनपुर, असांव, आंदर थाना के थानाध्यक्ष एवं अनुसंधानकर्ता के साथ संबंधित अंचल पुलिस निरीक्षक द्वारा संबंधित थानों में लंबित कांडों की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान लंबित कांडों के त्वरित निष्पादन, वांछित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी, कांडों के अनुसंधान में तेजी लाने तथा विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही सभी थानाध्यक्षों को निर्देशित किया गया कि गंभीर कांडों को प्राथमिकता के आधार पर निष्पादित करें तथा अपराध नियंत्रण के लिए क्षेत्र में सतत गश्ती एवं छापेमारी अभियान चलाते रहें। जिला पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

## आम्रपाली एक्सप्रेस में फर्जी आइडी पर यात्रा कर रहे दो व्यक्ति गिरफ्तार

**परवेज अख्तर/सिवान।** विशेष टिकट जांच अभियान के दौरान गाड़ी संख्या 15707 कटिहार-अमृतसर आम्रपाली एक्सप्रेस ट्रेन से फर्जी आईडी पर यात्रा कर रहे दो यात्री को छपरा आइसीपी के उप मुख्य टिकट निरीक्षक ने पकड़कर सिवान आरपीएफ को सुपुर्द कर दिया। आरपीएफ ने जांच कर दोनों व्यक्तियों को फर्जी आईडी पर यात्रा करने के जुर्म में गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में वाराणसी मंडल के जनसंपर्क पदाधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक के नेतृत्व में वाराणसी मंडल में विशेष टिकट जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसमे मंडल के छपरा, बलिया, मऊ, सिवान, थावे, देवरिया सदर, वाराणसी एवं बनारस इत्यादि स्टेशनों के टिकट जांच परीक्षक तथा स्लीपर, (आईसीपी) रेड की टीमों को विशेष रूप से लगाया गया है।इसी क्रम में मंगलवार को छपरा आईसीपी के उप मुख्य टिकट निरीक्षक सुधाकर मिश्रा द्वारा गाड़ी संख्या 15707 कटिहार-अमृतसर आम्रपाली एक्सप्रेस में सघनता से टिकट जांच की जा रही थी। तभी एस वन कोच में बर्थ संख्या 34, 35, 37 तथा 38 पर कटिहार से जालंधर तक पीएनआर संख्या 6366072252 यात्रा कर रहे यात्रियों की आईडी की जांच की। जिसमें ज्ञात हुआ कि इस पीएनआर के यात्री के द्वारा फेक आईडी का यूज किया जा रहा था। यात्री का वास्तविक नाम शहाबुद्दीन, पिता-मोहम्मद तबजूम, कौशर अली के नाम पर यात्रा कर रहे हैं। उनका आधार कार्ड टेंपर्ड कर एडिट किया गया है। दूसरे यात्री का असली नाम-मोहम्मद आसिफ है, जो मोहम्मद अब्दुल हक के नाम पर यात्रा कर रहा था। उन दोनों आइडी मिलान कर फर्जी आइडी घोषित कर उन्हें जंक्शन पर उतार लिया गया और अग्रिम कार्यवाही हेतु रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट को सुपुर्द कर दिया गया।

## दोनों हाथियों को लेकर पश्चिम बंगाल रवाना हुई टीम

**परवेज अख्तर/सिवान।** बड़हरिया थाना क्षेत्र के पुरैना से बरामद की गई चोरी की एक नर हाथी व एक मादा हाथिनी को लेकर संभागीय वन अधिकारी पश्चिम बंगाल के लिए सोमवार को रवाना हो गए। मंगलवार की सुबह पश्चिम बंगाल के घोड़मारा नेशनल पार्क में ले जाकर हाथियों को सौंप दी जाएगी। संभागीय वन अधिकारी मेघा यादव ने बताया कि 2017 में चोरी-छिपे पश्चिम बंगाल से तीन हाथियों को गोपालगंज जिले के सिधवलिया स्थित एक आश्रम पर लाया गया था। हाथियों में सुमन, भोला और बसंती शामिल थे। इसी दौरान पश्चिम बंगाल के उच्च न्यायालय में हाथियों के विरुद्ध मुकदमा भी दर्ज कराया गया था, जहां सुनवाई के दौरान कोर्ट ने आदेश दिया था कि हाथियों को पश्चिम बंगाल सरकार को सौंप दिया जाय। आदेश के बाद महंत ने कहा था कि यह हाथी मेरा है, मैं देने के लिए इच्छुक नहीं हूं। मामला कोर्ट में लंबित रहा जब भी हाथी लेने के लिए आदेश जारी किया जाता था तो हाथी को हटा लिया जाता था। जिस कारण वन विभाग और पुलिस की टीम हाथी को बरामद नहीं कर पाती थी। हाल ही के दिनों में तीन हाथियों में एक हाथी की 22 फरवरी को दारौंदा में मौत हो गई। इसके बाद पश्चिम बंगाल सरकार और सख्त हो गई। बीते 21 मार्च को दो हाथियों के महावत मुस्लिम समुदाय के होने के कारण ईद पर अपने घर बढ़ेया आए हुए थे। तभी वन विभाग के संभागीय वन अधिकारी मेघा यादव को इसकी भनक लगी। जिसके बाद उन्होंने बड़हरिया थाना क्षेत्र के पुरैना चट्टी के समीप छापेमारी की और दोनों हाथियों को बरामद कर लिया। यादव ने बताया कि इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं की गई है। जहां इधर इस हाथी के बरामदगी के बाद तरह-तरह की चर्चाएं चल रही है।

## राजनीति में परिवारवाद सिद्धांत नहीं, बल्कि सुविधा और सियासी स्वार्थ

**नीरज कुमार**

दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)। आज देश और खासकर बिहार की राजनीति में ÷परिवारवाद÷ को लेकर जो बहस छेड़ी जाती है, वह असल में सिद्धांत की नहीं, बल्कि सुविधा और सियासी स्वार्थ की उपज है। यह बहस जितनी टीवी चैनलों पर तेज दिखती है, उतनी ही ज़मीनी सच्चाई में खोखली नजर आती है। जब लालू प्रसाद यादव के बेटे राजनीति में सक्रिय होते हैं, तो विरोधियों-खासकर जदयू-को अचानक लोकतंत्र खतरे में दिखने लगता है। परिवारवाद, वंशवाद, लोकतंत्र की हत्या जैसे बड़े-बड़े शब्द उछाले जाते हैं। लेकिन जैसे ही नीतीश कुमार के परिवार से कोई राजनीतिक संकेत मिलता है, वही लोग चुप्पी साध लेते हैं या इसे ÷व्यक्तिगत फैसला÷ बताकर बच निकलते हैं।



राजद का साफ मानना है कि राजनीति में भागीदारी हर नागरिक का लोकतांत्रिक अधिकार है। अगर कोई व्यक्ति, चाहे वह किसी नेता का बेटा ही क्यों न हो, जनता के बीच जाता है, संघर्ष करता है और जनता उसे स्वीकार करती है, तो इसमें गलत क्या है क्या लोकतंत्र में सिर्फ उन लोगों को अधिकार है जिनका कोई राजनीतिक बैकग्राउंड नहीं है । सच तो यह है कि राजद हमेशा सामाजिक न्याय और जनभागीदारी की राजनीति करता आया है। लालू प्रसाद यादव ने राजनीति को खास वर्गों और परिवारों के कब्जे से निकालकर आम लोगों तक पहुंचाया। आज अगर उनके परिवार का कोई सदस्य राजनीति में आता है, तो वह भी जनता की कसौटी पर ही खरा उतरता है—कोई विरासत अपने आप सत्ता नहीं दिला देती, जनता का समर्थन ही असली ताकत होता है। दूसरी तरफ, जो लोग परिवारवाद का सबसे ज्यादा शोर मचाते हैं, वही अपने घर की राजनीति को ÷संस्कार÷ और ÷परंपरा÷ का नाम देकर सही ठहराते हैं। यही दोहरा मापदंड आज की राजनीति की सबसे बड़ी सच्चाई है। हम यह भी मानते हैं कि राजनीति में अवसर सबको मिलना चाहिए—चाहे वह किसी बड़े नेता का बेटा हो या किसी साधारण कार्यकर्ता का बेटा। फर्क सिर्फ इतना होना चाहिए कि निर्णय जनता करे, न कि बंद कमरों में बैठे कुछ लोग। इसलिए परिवारवाद पर जो बहस आज चलाई जा रही है, वह दरअसल एक राजनीतिक नौटंकी से ज्यादा कुछ नहीं है। असली मुद्दा यह नहीं कि कौन किसका बेटा है, बल्कि यह है कि कौन जनता के लिए कितना समर्पित है, किसने संघर्ष किया है और किसे जनता का विश्वास हासिल है। राजद का स्पष्ट मत है—लोकतंत्र में वंश नहीं, जनता का जनादेश सबसे बड़ा होता है। जो इसे समझते हैं, वही असली लोकतांत्रिक हैं; और जो इसे अपने हिसाब से तोड़ते-मरोड़ते हैं, वे सिर्फ राजनीतिक अवसरवादी हैं।